पंजाब केसरी 30/03/2024

गांधी मैमोरियल नैशनल कालेज के खिलाड़ियों ने आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक्स में दिखाए अपनी कला के जौहर

विजेता खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते प्राचार्य डा. रोहित दत्त। (देवदत्त)

अम्बाला, 29 मार्च (बलराम): गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी में आयोजित जिम्नास्टिक (पुरुष एवं महिला) ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता में कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी ने पुरुष वर्ग ने द्वितीय स्थान हासिल किया। इस टीम में गांधी मैमोरियल नैशनल कालेज के खिलाड़ियों जितेंद्र चावला और सुरनीत ने आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक्स में भाग लेकर अपनी कला के जौहर दिखाए। जितेंद्र चावला ने इंडिविजुअल ब्रॉन्ज मैडल हाई बार के ऊपर प्राप्त किया।

कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी की महिला टीम की 6 सदस्यों में से 5 महिला प्रतिभागी जी.एम.एन. कालेज की थी। विजेता टीमों को कालेज प्रांगण में सम्मानित किया गया। प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि जी.एम.एन. अपने खिलाड़ियों की प्रतिभा को तराशने के लिए वचनबद्ध है। शारीरिक शिक्षा विभाग के अध्यक्ष प्रो. बृजेश गुप्ता और रूपाली ने विजेता खिलाड़ियों की सराहना करते हुए भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।